राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर राज्यपाल की बधाई और शुभकामनाएं'

जयपुर, 2 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस (3 मई) पर सभी प्रेस एवं मीडियाकर्मियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने इस अवसर पर कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और निर्भीक प्रेस ही स्वस्थ लोकतंत्र की महत्वपूर्ण पहचान है। उन्होंने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल तीनों माध्यम में प्रेस की स्वतंत्रता को सभी पक्षों द्वारा सुनिश्चित किए जाने का आह्वान किया है।

——————